समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# इंग्लैडं दौरे के लिए टीम इंडिया का एलान, इन खिलाड़ियों को मिली जगह।

Publisher

Published on 16 May 2025



## BCCI ने इंग्लैडं दौरे के लिए टीम इंडिया का एलान कर दिया है. इस दौरे पर 5 टी20 और 3 वनडे मैच खेले जाएंगे.

**BCCI** ने इंग्लैंड दौरे के लिए टीम इंडिया का एलान कर दिया है. भारतीय महिला क्रिकेट टीम को जून-जुलाई महीने में इंग्लैंड का दौरा करना है, जहां दोनों टीमों के बीच **5 टी20** और **3 वनडे** मैच खेले जाएंगे. दोनों सीरीज में **हरमनप्रीत कौर** टीम इंडिया की कप्तानी करेंगी, वहीं दोनों सीरीज के लिए **स्मृति मंधाना** टीम की उपकप्तान चुनी गई है.

चयनकर्ताओं ने एक बेहद चौंकाने वाला फैसला लिया है क्योंकि तूफानी सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा को सिर्फ टी20 टीम में जगह दी गई है. बता दें कि वर्मा ने अक्टूबर 2024 के बाद कोई ODI मैच नहीं खेला है. वहीं रिचा घोष, यास्तिका भाटिया और हरलीन देओल को दोनों टीमों में जगह दी गई है.

**WPL** में गुजरात जायंट्स के लिए खेलने वाली **22 वर्षीय काशवी गौतम** को टीम से बाहर कर दिया गया है. उनकी जगह तेज गेंदबाज **सयाली सतघरे** की वनडे टीम में वापसी हुई है. पेस अटैक डिपार्टमेंट में सतघरे को श्री चरणी और क्रांति गौड़ का साथ मिल रहा होगा.

**इंग्लैड दौरे के लिए भारत की ODI टीम :**

**हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), प्रतिका रावल, हरलीन देओल, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष, यास्तिका भाटिया, तेजल हसब्निस, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, श्री चरणी, शुचि उपाध्याय, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, सयाली सतघरे**

**इंग्लैडं दौरे के लिए भारत की टी20 टीम :**

**हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष, यास्तिका भाटिया, हरलीन देओल, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, श्री चरणी, शुचि उपाध्याय, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, सयाली सतघरेशे**

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.